# हिंदी व्याकरण

# 1

लेखक :
आलोक शर्मा
(एम०ए०, बी०एड०)

नाम ______________________

कक्षा ____________ सैक्शन ____________

स्कूल ______________________

घर का पता ______________________

दूरभाष : स्कूल ______________________

दूरभाष : घर ______________________

# हिंदी

# व्याकरण

# प्रस्तावना

हिंदी व्याकरण की यह श्रृंखला आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इसे एन॰ सी॰ ई॰ आर॰ टी॰, इंटरस्टेट बोर्ड फॉर एंग्लो इंडियन एजुकेशन एवं अन्य प्रांतीय शिक्षा परिषदों द्वारा स्वीकृत नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार किया गया है।

इस श्रृंखला का उद्देश्य भाषा और व्याकरण का समुचित और सुबोध शैली में अध्ययन कराना है। छात्र व्याकरण को एक कठिन विषय के रूप में देखते हैं। इसलिए व्याकरण के जटिल नियमों को अत्यंत सरल और रोचक शब्दों में छात्रों तक पहुँचाना ही मेरा प्रयास है।

मेरा यह प्रयास छात्रों को अधिक रटने से बचाते हुए ज्ञानवर्धन करने के लिए है। अनेक चित्रों की सहायता से व्याकरण को समझाने का प्रयत्न किया गया है। अभ्यास में यथास्थान बहुवैकल्पिक प्रश्नों (MCQs) का समावेश किया गया है।

आशा है, यह प्रस्तुति विद्यार्थियों के लिए रुचिकर और उपयोगी सिद्ध होगी। आपसे अनुरोध है कि अपने अनुभवों और उपयोगी सुझावों से मुझे अवगत कराएँ।

धन्यवाद!

*–लेखक*

# विषय सूची

## खंड-'क' : व्याकरण (Grammar)


1. भाषा और व्याकरण (Language and Grammar) ... 5
2. वर्ण और वर्णमाला (Letter and Alphabet) ... 10
3. मात्राएँ (Sign of Vowels) ... 14
4. शब्द और वाक्य (Word and Sentence) ... 19
5. बोलियाँ (Sounds) ... 23
6. गिनती (Counting) ... 24
7. संज्ञा (Noun) ... 25
8. लिंग (Gender) ... 29
9. वचन (Number) ... 34
10. सर्वनाम (Pronoun) ... 38
11. विशेषण (Adjective) ... 42
12. विलोम शब्द (Antonyms) ... 45
13. पर्यायवाची शब्द (Synonyms) ... 47


## खंड-'ख' : रचना (Composition)


14. कहानी–लेखन (Story–Writing) ... 49
15. निबंध–लेखन (Essay–Writing) ... 51
16. पत्र–लेखन (Letter–Writing) ... 53
17. चित्र–वर्णन (Picture–Description) ... 55



# 1 भाषा और व्याकरण
## (Language and Grammar)




हमारे मन में अनेक विचार आते हैं।

हम इन्हें बोलकर या लिखकर दूसरों तक पहुँचाते हैं।

**विचारों को बोलकर या लिखकर दूसरों को समझाना ही भाषा है।**

### आइए, इसे और अच्छी तरह समझें–



पहले चित्र में आपने देखा कि लड़के ने बोलकर अपनी माँ से एक बात कही तो माँ ने लड़के की बात सुनकर समझी।

दूसरे चित्र में आपने देखा कि डॉक्टर साहब की दुकान पर एक बात लिखी है, उसे आपने पढ़कर समझा; अतः अब आप जान गए कि–

**भाषा का प्रयोग बोलकर भी किया जाता है और लिखकर भी।**

**इस प्रकार भाषा के दो रूप होते हैं–**

1. **मौखिक भाषा** – बोली जाने वाली भाषा
2. **लिखित भाषा** – लिखी जाने वाली भाषा

## भारत के विभिन्न राज्यों की भाषाएँ





यह मनप्रीत है, यह पंजाब में रहता है।

इसकी भाषा पंजाबी है।

हमारे देश में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। हर प्रदेश की अपनी अलग भाषा होती है; जैसे–

| प्रदेश | भाषा | प्रदेश | भाषा |
|---|---|---|---|
| गुजरात | गुजराती | असोम | असमिया |
| राजस्थान | राजस्थानी | बंगाल | बंगला |
| कश्मीर | कश्मीरी | पंजाब | पंजाबी |
| तमिलनाडु | तमिल | केरल | मलयालम |

यद्यपि हमारी राजभाषा हिंदी है किंतु हिंदी के अतिरिक्त और भी अनेक भाषाएँ यहाँ बोली और समझी जाती हैं।

## व्याकरण

भाषा कोई भी क्यों न हो, उसे हमेशा शुद्ध रूप में ही बोलना चाहिए। भाषा को शुद्ध रूप में बोलने व लिखने के नियमों को व्याकरण में सिखाया जाता है। एक उदाहरण पढ़िए–



लड़के ने जो बोला वह व्याकरण के नियम के अनुसार गलत है। पिता जी ने उसे शुद्ध रूप में बोलने का नियम बताया। यह सब ही हम व्याकरण में सीखते हैं।

# अभ्यास



## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** हमारे मन में अनेक विचार आते हैं-

हाँ ☐ नहीं ☐

**(ख)** भाषा होती है-


केवल लिखित ☐ लिखित और मौखिक ☐

**(ग)** हमारी राजभाषा है-

हिंदी ☐ गुजराती ☐

**2. राज्यों को उनकी भाषाओं से मिलाइए–**

| राज्य | भाषा |
|---|---|
| **(क)** गुजरात | राजस्थानी |
| **(ख)** तमिलनाडु | बंगला |
| **(ग)** राजस्थान | पंजाबी |
| **(घ)** बंगाल | तमिल |
| **(ङ)** पंजाब | गुजराती |



**3. प्रश्नोत्तर–**

**(क)** भाषा किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

**(ख)** भाषा के कितने रूप होते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

**(ग)** व्याकरण में क्या सिखाया जाता है?

______________________________________________

______________________________________________

## क्रियात्मक कौशल

- चित्र देखकर उसके नीचे भाषा का रूप लिखिए–



______________________




______________________

- वर्ग पहेली में से चार भाषाओं के नाम चुनकर लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| र | गु | न | रा |
| द | ज | ब | ज |
| ल | रा | ल | स्‍ |
| ह | ती | फ | था |
| ग | श | ट | नी |
| पं | जा | बी | प |
| त | मि | ल | र |

______________________ ______________________

______________________ ______________________



# 2 वर्ण और वर्णमाला

(Letter and Alphabet)

### इन ध्वनियों को मिलाकर पढ़िए–



प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ

= पुस्तक



ब् + अ + स् + त् + आ

= बस्ता

आपने जाना कि इन दो शब्दों में अनेक ध्वनियाँ हैं। ये ध्वनियाँ ही वर्ण हैं। इनके और टुकड़े नहीं हो सकते। वर्णों के नीचे जो छोटी-सी तिरछी रेखा है, उसे हलंत कहते हैं, इसका अर्थ है कि उसमें 'अ' नहीं जुड़ा है।

**ध्वनि का वह रूप जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते, वर्ण कहलाता है।**

## वर्णमाला

वर्णों का वह समूह जो एक निश्चित क्रम में रखा जाता है, उसे **वर्णमाला** कहते हैं।



## वर्ण के प्रकार

वर्ण **दो** प्रकार के होते हैं–

1. **स्वर**
2. **व्यंजन**

## हिंदी वर्णमाला में वर्ण इस प्रकार हैं–

### स्वर

अ आ इ ई उ ऊ

ऋ ए ऐ ओ औ



### अयोगवाह

अं अः

### व्यंजन

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ड़ ढ ढ़ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह



### संयुक्त व्यंजन



ये दो वर्णों के मेल से बनते हैं–

क्ष त्र ज्ञ श्र

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** ध्वनियों को ही कहते हैं-

वर्ण ☐ शब्द ☐

**(ख)** वर्णों के नीचे जो छोटी-सी रेखा होती है, उसे कहते हैं-

विसर्ग ☐ हलंत ☐

**(ग)** हलंत से पता चलता है कि वर्ण में नहीं जुड़ा है-

अ ☐ ख ☐

**2. प्रश्नोत्तर–**

**(क)** वर्ण किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

**(ख)** वर्णमाला किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

**(ग)** वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

______________________________

______________________________

**(घ)** संयुक्त व्यंजन कौन-कौन से होते हैं?

______________________________

______________________________


3. चित्रों को ध्यान से देखें और उनका नाम लिखें–

_______________ _______________ _______________ _______________

_______________ _______________ _______________ _______________



## क्रियात्मक कौशल


- जोड़कर लिखिए–

क् + आ + ल् + आ = _______________

म् + अ + क् + आ + न् + अ = _______________

ल् + औ + क् + ई = _______________

ल् + अ + ड् + ड् + ऊ = _______________



- वर्णमाला के छूटे हुए वर्ण लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | | ग | | |
| च | | | | ञ |
| | ठ | | | |
| त | | द | | न |
| प | | ब | | म |




# 3

## मात्राएँ
Sign of Vowels

'अ' को छोड़कर सभी स्वरों के अपने खास चिह्न होते हैं। ये चिह्न ही **मात्राएँ** कहलाते हैं।

जब किसी स्वर को व्यंजन के साथ जोड़कर लिखते हैं, तो उसका रूप बदल जाता है।

यह मात्रा के कारण ही होता है। आइए, जानें कि स्वरों की मात्राएँ कौन-कौन सी हैं–





बाजा



किरण



लीची



पुल



दूध



| | |
|---|---|
| ऋ | ृ |
| ए | े |
| ऐ | ै |
| ओ | ो |
| औ | ौ |

## कुछ अन्य चिह्न


| | |
|---|---|
| अं | ं |
| अँ | ँ |

वृक्ष 

ठेला 

बैल 

मोर 

लौकी 

पंख 

चाँद 

व्यंजन के बाद लगने वाली मात्राएँ– आ (ा), ई (ी), ओ (ो), औ (ौ)

व्यंजन के ऊपर लगने वाली मात्राएँ– ए (े), ऐ (ै)



व्यंजन के नीचे लगने वाली मात्राएँ– उ (ु), ऊ (ू), ऋ (ृ)

व्यंजन से पहले लगने वाली मात्रा– इ (ि)

## पढ़िए-

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क् | + | आ | = | का | = | काका | | |
| ख् | + | इ | = | खि | = | खिचड़ी | | |
| ग् | + | ई | = | गी | = | गीता | | |
| ब् | + | उ | = | बु | = | बुनाई | | |
| भ् | + | ऊ | = | भू | = | भूख | | |
| घ् | + | ए | = | घे | = | घेवर | | |
| प् | + | ऐ | = | पै | = | पैसा | | |
| न् | + | ऋ | = | नृ | = | नृत्य | | |
| म् | + | ओ | = | मो | = | मोटा | | |
| च् | + | औ | = | चौ | = | चौकी | | |
| श् | + | अं | = | शं | = | शंख | | |
| ह् | + | अँ | = | हँ | = | हँसना | | |















# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** सभी स्वरों की मात्राएँ होती हैं–

हाँ ☐ नहीं ☐

**(ख)** मात्राएँ व्यंजनों से बनती हैं–

हाँ ☐ नहीं ☐

**(ग)** सभी मात्राएँ व्यंजनों के बीच ही लगती हैं–

हाँ ☐ नहीं ☐

**(घ)** उ की मात्रा व्यंजन के नीचे लगती है–

हाँ ☐ नहीं ☐

**2. सही मेल कीजिए–**

| | |
|---|---|
| **(क)** ऐ | ि |
| **(ख)** आ | ू |
| **(ग)** इ | े |
| **(घ)** ऊ | ा |
| **(ङ)** ए | ै |



**3. प्रश्नोत्तर–**

**(क)** व्यंजन के पहले लगने वाली मात्रा कौन-सी होती है?

_______________________________________________

_______________________________________________

**(ख)** व्यंजन के ऊपर लगने वाली मात्राएँ कौन-सी होती हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________


**4. नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखें और उनमें उचित मात्राओं को लगाकर शब्द बनाएँ–**



___बल्ल___



मरग



खरग___श



कत्त___



## क्रियात्मक कौशल

- **इन शब्दों पर अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) लगाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पजा | ________ | आगन | ________ | आवला | ________ |
| काटा | ________ | रग | ________ | पतग | ________ |
| शख | ________ | सिदूर | ________ | आख | ________ |
| साप | ________ | पखा | ________ | वाच | ________ |

- **किन स्वरों की मात्राएँ व्यंजनों के बाद लगती हैं? अपनी कक्षा में चर्चा कीजिए।**
- **स्वर-व्यंजन एवं मात्राओं का एक आकर्षक रंगीन चार्ट बनाकर कक्षा में दिखाएँ।**



# 4 शब्द और वाक्य

(Word and Sentence)

**पढ़िए-**




ज + ल = जल




न + ग = नग



ब + ट + न = बटन



क + म + र = कमर



श + ल + ज + म = शलजम



अ + द + र + क = अदरक

ऊपर दिए गए शब्द वर्णों के मेल से बने हैं।

शब्द वर्णों के सही मेल से बनते हैं। प्रत्येक शब्द का कोई-न-कोई अर्थ अवश्य होता है।

यदि वर्ण इस प्रकार लिखे जाएँ कि उनका कोई अर्थ न निकले, तो उन्हें शब्द नहीं माना जाएगा।

यदि हम नीचे लिखे वर्णों को सही क्रम में नहीं रखेंगे तो शब्द नहीं बनेंगे–



| | |
|---|---|
| लज | (जल) |
| गन | (नग) |
| नटब | (बटन) |
| रमक | (कमर) |
| मजलश | (शलजम) |
| करदअ | (अदरक) |



अतः

**शब्द वर्णों का वह मेल है जिसका कोई अर्थ होता है।**

## वाक्य-

**शब्दों को जब सही क्रम में रखते हैं तो वाक्य बनता है।**

जैसे–



गीता + पढ़ती + है।

गीता पढ़ती है।

मयंक + विद्यालय + जाता + है।

मयंक विद्यालय जाता है।

यदि शब्दों का क्रम ठीक न हो तो वाक्य नहीं बन पाएगा, जैसे यदि हम इन वाक्यों के शब्दों को इस प्रकार लिखें–






(क) है पढ़ती गीता।

(ख) है जाता विद्यालय मयंक।

इनसे कोई अर्थ नहीं निकलता, अतः ये वाक्य नहीं हैं।

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** शब्द बनते हैं-

वर्णों के सही मेल से ☐ मात्राओं के सही मेल से ☐

**(ख)** वाक्य बनते हैं-

वर्णों के मेल से ☐ शब्दों के सही मेल से ☐

**(ग)** शब्दों का अर्थ होना-

आवश्यक है ☐ आवश्यक नहीं है ☐

**2. निम्नलिखित वाक्यों को ठीक कीजिए–**

**(क)** है पीता नितिन पानी।

______________________________

______________________________

**(ख)** था कल मैं गया खेलने।

______________________________

______________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **सही शब्दों पर गोला लगाइए–**

नमक, टरब, जगमग, लझक

- **निम्नलिखित शब्दों से पाँच वाक्य बनाएँ–**

श्यामा, है, पढ़ती, रहा, नीरजा, लगती, उड़ा, को, खाना, पतंग, मिठाई, अच्छी, रही, खेल, खा, कबीर

**(क)** ______________________________

**(ख)** ______________________________

**(ग)** ______________________________

**(घ)** ______________________________

**(ङ)** ______________________________

- **उचित वर्ण भरकर शब्द बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज | | | |
| क | ल | | |
| स | र | | |
| त | र | | |
| अ | ज | | |



# 5 बोलियाँ
(Sounds)




# 6 गिनती
(Counting)


• गिनती पढ़िए और लिखिए–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | एक | १ | 1 | १ | एक | |
| 2. | 2 | दो | २ | 2 | २ | दो | |
| 3. | 3 | तीन | ३ | | | | |
| 4. | 4 | चार | ४ | | | | |
| 5. | 5 | पाँच | ५ | | | | |
| 6. | 6 | छह | ६ | | | | |
| 7. | 7 | सात | ७ | | | | |
| 8. | 8 | आठ | ८ | | | | |
| 9. | 9 | नौ | ९ | | | | |
| 10. | 10 | दस | १० | | | | |


## विषयनिष्ठ प्रश्न


• गिनकर लिखिए

 ____________

 ____________

 ____________

 ____________

 ____________

 ____________



# 7 संज्ञा
(Noun)



**नाम वाले सभी शब्द संज्ञा कहलाते हैं।**

यह **छवि** है।

छवि **बाजार** में है। वह **उपहार** खरीद रही है। उसके हाथ में **थैला** है। उसे **बंटी** के जन्मदिन पर जाना है। उसकी बंटी से **मित्रता** है।

आपने पढ़ा कि ऊपर अनेक व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थान और भाव के नाम आए हैं–



| | | |
|---|---|---|
| व्यक्ति | – | छवि, बंटी |
| वस्तु | – | उपहार, थैला |
| स्थान | – | बाजार |
| भाव | – | मित्रता |



ये सभी शब्द संज्ञा हैं।

अतः किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि के नाम को **संज्ञा** कहते हैं।

नाम कई प्रकार के होते हैं। जैसे–

## व्यक्तियों के नाम


माधवी


मानव


चिंकी

## प्राणियों के नाम


शेर


हाथी


हिरन

## वस्तुओं के नाम


कुर्सी


मेज़


पुस्तक


## फलों के नाम


सेब


केला


पपीता

## सब्ज़ियों के नाम


मटर


आलू


टमाटर

## फूलों के नाम


गुलाब


गेंदा


कमल

## भवनों के नाम


लाल किला


कुतुबमीनार


अक्षरधाम

## भावों के नाम


प्रसन्नता


शत्रुता


मित्रता

ये सभी संज्ञा शब्द हैं।

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

- **सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** संज्ञा का अर्थ है–

नाम ☐ काम ☐

**(ख)** व्यक्ति और स्थान के नाम को कहते हैं–

संज्ञा ☐ सर्वनाम ☐


**(ग)** प्राणी, वस्तु आदि के नाम भी संज्ञा हैं–

हाँ ☐ नहीं ☐

## क्रियात्मक कौशल

- **चित्र देखकर नाम लिखिए–**






______ ______ ______ ______


- **संज्ञा शब्दों पर गोला ◯ बनाइए–**

पंक्ति, राजा, साबुन, वह, यह, मैं, देश,

चल, आम, नमक, मिर्च, मिठाई, रूमाल



# 8 लिंग
(Gender)



दीदी कहानी सुना रही हैं। बंटी, कविता, चीनू, रीना कहानी सुन रहे हैं। दीदी ने सुनाया– एक शेर था, एक शेरनी थी।

ऊपर के वाक्यों में आपने देखा कि कुछ शब्द स्त्री जाति को बताते हैं, जैसे- दीदी, कविता, रीना, शेरनी आदि। कुछ शब्द पुरुष जाति को बताते हैं, जैसे– बंटी, चीनू, शेर आदि।

**शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री जाति या पुरुष जाति के होने का पता चलता है, उसे लिंग कहते हैं।**

## कुछ पुरुष जाति शब्द


हाथी


बकरा


हिरन

# कुछ स्त्री जाति के शब्द



हथिनी



बकरी




हिरनी

**यहाँ कुछ पुरुष व उनके स्त्री जाति शब्द दिए गए हैं, इन्हें पढ़कर याद कीजिए–**




| पुरुष | स्त्री |
|---|---|
| दादा | दादी |
| नाना | नानी |
| पिता | माँ |
| मामा | मामी |
| धोबी | धोबिन |
| माली | मालिन |
| ताऊ | ताई |
| चाचा | चाची |
| चूहा | चुहिया |
| गुड्डा | गुड़िया |
| दूल्हा | दुल्हन |





| पुरुष | स्त्री |
| --- | --- |
| बंदर | बंदरिया |
| अध्यापक | अध्यापिका |
| बालक | बालिका |
| ऊँट | ऊँटनी |
| मोर | मोरनी |
| छाता | छतरी |
| थाल | थाली |
| प्याला | प्याली |



# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** पुरुष व स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं–

लिंग ☐ वर्णमाला ☐

**(ख)** 'दीदी' शब्द स्त्री वाचक शब्द है–

हाँ ☐ नहीं ☐

**(ग)** 'शेर' शब्द पुरुष वाचक है–

हाँ ☐ नहीं ☐

**2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मामा | ____________ | चाचा | ____________ |
| गुड्डा | ____________ | माली | ____________ |
| बंदर | ____________ | धोबी | ____________ |

**3. प्रश्नोत्तर–**

**(क)** लिंग किसे कहते हैं?

________________________________________

________________________________________

**(ख)** चार पुरुष जाति के शब्द लिखिए।


________________________________________

________________________________________

**(ग)** दो स्त्री वाचक शब्द लिखकर वाक्य में प्रयोग करिए।

________________________________________

________________________________________



## क्रियात्मक कौशल

- **चित्र देखकर सही शब्द भरिए–**



मालिन माला ____________ है।
**(बनाता/बनाती)**



रमन ____________ है।
**(पढ़ता/पढ़ती)**





मेघा रस्सी कूद ____________।
(रहा है/रही है)

सुबह हो ____________ है।
(गया/गई)

- **सही मेल कीजिए–**






| | |
|---|---|
| नाना जी | दहाड़ता है। |
| शेर | छुक-छुक करती है। |
| रेल | उड़ रही है। |
| चिड़िया | कपड़े धोती है। |
| धोबिन | फल लाते हैं। |







- **सुमेल कीजिए–**





| | |
|---|---|
| दूल्हा | मोटी |
| मोटा | काली |
| काला | लंबी |
| ठिगना | दुल्हन |
| लंबा | ठिगनी |







# 9 वचन
(Number)

**संज्ञा शब्दों के जिस रूप से उनके संख्या में एक या अनेक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।**

एक वस्तु या व्यक्ति **एकवचन** कहलाते हैं।

एक से अधिक वस्तुएँ या व्यक्ति **बहुवचन** कहलाते हैं।

**निम्नलिखित चित्रों को देखिए और पढ़िए–**

बस्ता **एक** है।

पुस्तकें **अनेक** हैं।



पेड़ **एक** है।

फल **अनेक** हैं।



आप इन वाक्यों को पढ़कर समझ गए होंगे कि एक से अधिक वस्तुओं को अनेक कहते हैं।


**निम्नलिखित चित्रों को देखिए और पढ़िए–**




छतरी



छतरियाँ



चींटी



चींटियाँ

**यहाँ कुछ एकवचन व उनके बहुवचन शब्द दिए गए हैं, इन्हें याद कीजिए–**

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| पुस्तक | पुस्तकें |
| जूता | जूते |
| चश्मा | चश्मे |
| टोपी | टोपियाँ |
| संतरा | संतरे |
| केला | केले |
| पंखा | पंखे |
| पत्ता | पत्ते |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| टोकरी | टोकरियाँ |
| लड़की | लड़कियाँ |
| पेंसिल | पेंसिलें |
| मेज़ | मेज़ें |
| टॉफी | टॉफियाँ |
| कहानी | कहानियाँ |
| साड़ी | साड़ियाँ |
| सहेली | सहेलियाँ |

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न


**1. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए–**

(क) एक व्यक्ति या वस्तु ____________ कहलाते हैं। (एकवचन/बहुवचन)

(ख) जूते शब्द ____________ है। (एकवचन/बहुवचन)

(ग) फ्रॉक शब्द ____________ है। (एकवचन/बहुवचन)

**2. चित्र देखकर लिखिए कि वह 'एक' है या 'अनेक'–**



____________



____________



____________



____________



____________




____________

## क्रियात्मक कौशल

- दिए गए बॉक्स में कुछ एकवचन शब्द हैं और कुछ बहुवचन हैं। उन्हें ढूँढ़कर लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चि | का | रें | चा | ढो |
| ड़ि | पै | ह | बी | ल |
| या | से | न | श | क |
| ता | चा | र | पा | ई |
| ले | गु | ल | ल | कें |
| ट | गु | ड़ि | याँ | म |
| ब | टो | क | रि | याँ |
| के | ले | टो | क | री |





| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |





# 10 सर्वनाम
## (Pronoun)

**"जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।"**

**जैसे-** यह, वह, तुम, मैं, आप, हम, वे, उसे, उसके आदि।



प्रीति आठ वर्ष की है।

**उसके** पास एक गुड़िया है।

**वह** बहुत प्यारी है।

प्रीति **उसके** साथ खेलती है।

**वह** जहाँ भी जाती है, **उसे** अपने साथ लेकर जाती है।

प्रीति **उसे** बहुत प्यार करती है।

यहाँ पर संज्ञा (प्रीति और गुड़िया) शब्दों को बार-बार न दोहराकर उसके स्थान पर कुछ नए शब्द (उसके, वह, उसे) आए हैं। यही सर्वनाम हैं। इनके प्रयोग से वाक्य अच्छा बन जाता है।

"संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को ही सर्वनाम कहते हैं।"

## कुछ प्रमुख सर्वनाम शब्द हैं–

यह, वह, तुम, आप, मैं, हम, वे, उसे, उसके आदि।



**मैंने** पढ़ना सीख लिया है।



**तुम** मेरे साथ चलो।



**आप** ट्रेन से चले जाओ।



आज **आपने** क्या बनाया है?

## कुछ और सर्वनाम शब्द पढ़िए

मैं, मेरा, मैंने, मुझे, मुझको, तू, तेरा, तुमने, तुझे, तुमको, वह, अपना, उन्हें, उसके, उन्होंने आदि।

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** संज्ञा और सर्वनाम में अंतर होता है–

हाँ ☐ नहीं ☐

**(ख)** जो शब्द संज्ञा के स्थान पर आते हैं, उन्हें कहते हैं–

क्रिया ☐ सर्वनाम ☐


**(ग)** संज्ञा शब्दों को वाक्य में बार-बार दोहराने से वाक्य अच्छा लगता है–

हाँ ☐ नहीं ☐

**2. संज्ञा और सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग कॉलम में लिखिए–**

वह, हाथी, बंदर, जूता, हम, उसे, बोतल, राजा, तुम, वे

| संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |



**3. प्रश्नोत्तर–**

सर्वनाम किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

## क्रियात्मक कौशल

- **निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्दों पर गोला ◯ बनाइए–**



मैं

यह नदी तुम

पेड़ उस जंगल

अंगूर आप

फूल काँटा

शहर





- **सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

**(क)** मैं गाता हूँ।

**(ख)** तुम पढ़ते हो।

**(ग)** वे आ चुके हैं।

**(घ)** यह पुस्तक अच्छी है।





# 11 विशेषण
(Adjective)

संज्ञा और सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को **विशेषण** कहते हैं।

**जैसे-** अच्छा, बुरा, ऊँचा, नीचा, काला, सच्चा, मोटा आदि।



राजू की गाड़ी **लाल** है।

चिंटू के गुब्बारे बहुत **सुंदर** हैं।

मोहित के पास एक **छोटी** गेंद है।

**तीनों** मित्र बहुत खुश हैं।

तीनों मित्रों में चिंटू सबसे **छोटा** है।


**इस प्रकार संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।**

## कुछ अन्य विशेषण शब्द पढ़िए–









नया,
पुराना, तेज़, हलका,
भारी, मधुर, कड़वा, तीखा,
दूर, पास, ऊँचा, नीचा, सच्चा,
झूठा, मोटा, पतला, मीठा, महँगा,
बढ़िया, घटिया, हरा,
लाल









# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

**(क)** विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं–

संज्ञा ☐ विशेषण ☐

**(ख)** 'मोटा' शब्द विशेषण कहलाएगा–

हाँ ☐ नहीं ☐

**2. संज्ञा शब्दों को उचित विशेषणों से मिलाइए–**

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| (क) शरबत | गरम |
| (ख) घास | ठंडा |
| (ग) अचार | हरी |
| (घ) चाय | खट्टा |
| (ङ) मिर्च | नीला |
| (च) सागर | तीखी |

## क्रियात्मक कौशल

- **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

(क) रसगुल्ले ____________ लगते हैं। (कड़वे/मीठे)



(ख) गाय ____________ पशु है। (जंगली/पालतू)

(ग) वह बहुत ____________ बोलता है। (कम/चुप)

(घ) चिड़िया का शरीर ____________ होता है। (हलका/भारी)

- **विशेषण शब्दों पर गोला खींचिए–**




पानी मीठा अंगूर हरा नया चिड़िया
सेब सूरज चाय पेड़ हाथी





# 12 विलोम शब्द
(Antonyms)

विलोम शब्द परस्पर विपरित अर्थ प्रकट करते हैं।

## पढ़िए और समझिए–



जमीन × आसमान

काला × गोरा

दिन × रात

पतली × मोटी

दूर × पास

फूल × काँटा

चित्र के नीचे लिखे जमीन-आसमान, पतली-मोटी, काला-गोरा, दूर-पास, दिन-रात, फूल-काँटा एक दूसरे का उल्टा अर्थ दे रहे हैं।

## कुछ अन्य एक-दूसरे का उल्टा अर्थ देने वाले शब्द पढ़िए–

नीचे × ऊपर
साफ × गंदा
उलटा × सीधा
जल्दी × धीरे
रोना × हँसना

कम × अधिक
सच्चा × झूठा
मीठा × कड़वा
गरम × ठंडा
सुबह × शाम

**जो शब्द एक दूसरे से ठीक उल्टा अर्थ देते हैं; उन्हें विलोम शब्द कहते है।**

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**(क)** विलोम शब्द किसे कहा जाता है?

**(ख)** विलोम शब्द का दूसरा नाम क्या है?

**2. नीचे दिये गये शब्दों को उनके विलोम रूप से सुमेलित कीजिए–**

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| आय | अयोग्य | अच्छा | अन्यास |
| ऊपर | निरादर | मूर्ख | विष |
| प्रश्न | व्यय | न्याय | कठिन |
| आदर | उत्तर | सरल | बुद्धिमान |
| योग्य | नीचे | अमृत | बुरा |

**3. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के विलोम रूप द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**(क)** रमेश तो साक्षर है परंतु उसका भाई सुरेश ____________ है।

**(ख)** किसी में गुण अधिक होते हैं और किसी में ____________।

**(ग)** आजकल उसकी आय कम है और ____________ अधिक।

**(घ)** लोमड़ी चतुर थी और कौआ ____________।



# 13 पर्यायवाची शब्द
(Synonyms)

**समान अर्थ बताने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।**

**कुछ महत्त्वपूर्ण शब्दों के पर्यायवाची शब्द इस प्रकार हैं–**

| | | |
|---|---|---|
| फूल | – | सुमन, पुष्प, कुसुम |
| आकाश | – | गगन, आसमान, नभ |
| हवा | – | पवन, वायु, समीर |
| दिन | – | दिवस, वार, वासर |
| नौका | – | नाव, किश्ती, तरिणी |
| शरीर | – | तन, देह, काया |
| पेड़ | – | तरु, वृक्ष, विटप |
| रात | – | यामिनी, निशा, रजनी |
| पाठशाला | – | स्कूल, मदरसा, विद्यालय |
| बालक | – | बच्चा, लड़का, शिशु |
| मनुष्य | – | आदमी, नर, मानव |
| पक्षी | – | खग, पक्षी, विहग |
| जल | – | नीर, सलिल, पानी |
| पर्वत | – | गिरि, शैल, पहाड़ |
| बादल | – | जलधर, मेघ, घन |
| मित्र | – | साथी, सखा, दोस्त |
| पृथ्वी | – | धरती, भूमि, धरा |

घर – भवन, गृह, आलय

बाग – उपवन, बगीचा, वाटिका

युद्ध – संग्राम, रण, लड़ाई

# अभ्यास

## विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

**(क)** भवन **(ख)** पक्षी **(ग)** पहाड़

**2. निम्नलिखित शब्दों के लिए बॉक्स से उचित पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः, | काया, | यामिनी, | बंधु, | सनातन, | बाग, | रात, |
| शरीर, | सवेरा, | बगीचा, | रजनी, | वाटिका, | प्राचीन, | दोस्त, |

**(क)** निशा ____________________

**(ख)** सुबह ____________________

**(ग)** उपवन ____________________

**(घ)** सखा ____________________

**(ङ)** तन ____________________

**(च)** पुराना ____________________

## क्रियात्मक कौशल

- **अपनी कक्षा के ऐसे विद्यार्थियों की सूची बनाइए, जिनके नाम पर्यायवाची शब्द से लिखे जा सकते हैं।**

उदाहरण– आकाश – गगन, नभ, आसमान।

खंड-'ख' : रचना (Composition)



# 14 कहानी-लेखन

(Story-Writing)

## प्यासा कौआ



1. गरमी के दिन थे।
2. एक कौआ बहुत प्यासा था।
3. प्यास बुझाने के लिए वह इधर-उधर भटकने लगा।
4. उसे कहीं पर भी पानी नहीं मिला।
5. अंत में एक बाग में उसने पानी का घड़ा देखा।



6. वह बहुत प्रसन्न हुआ।
7. उसने अपनी चोंच घड़े में डाली।
8. घड़े में पानी बहुत कम था। अतः उसकी चोंच पानी तक नहीं पहुँच सकी।
9. लेकिन वह निराश नहीं हुआ।
10. उसने एक उपाय सोचा।
11. वह पास में पड़े हुए कंकड़ों को घड़े में डालने लगा।



12. पानी ऊपर आ गया।
13. कौए ने पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई।
14. वह प्रसन्न होकर उड़ गया।

**शिक्षा- उपाय करने से कठिन कार्य भी सरल हो जाते हैं।**

# लोमड़ी और अंगूर

1. किसी जंगल में एक लोमड़ी रहती थी।
2. वह बहुत भूखी थी।
3. खाना ढूँढ़ते हुए वह एक बाग में जा पहुँची।
4. बाग में अंगूरों के गुच्छे बेलों पर लटक रहे थे।
5. अंगूरों को देखकर उसके मुँह में पानी भर आया।
6. वह अंगूरों को खाकर भूख मिटाना चाहती थी।
7. उसने बार-बार छलाँग लगाई।
8. अंगूर बहुत ऊँचे थे।
9. वह उन तक नहीं पहुँच सकी।
10. वह हार भी नहीं मानना चाहती थी।
11. वह खिसियाकर कहने लगी- "ये अंगूर खट्टे हैं, मुझे नहीं खाने चाहिए।"
12. यह कहकर वह चली गई।



**शिक्षा- अपनी शक्ति की जाँच करने के बाद ही कार्य शुरू करना चाहिए।**

## अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

**अपनी पाठ्य-पुस्तक में से किसी चित्र की सहायता से एक कहानी तैयार कीजिए।**




# 15 निबंध-लेखन
(Essay–Writing)

किसी विषय पर अपने विचार प्रकट करना ही **निबंध-लेखन** कहलाता है।

## गाय



1. गाय एक पालतू पशु है।
2. इसे 'गऊ माता' भी कहकर पुकारते हैं।
3. इसके चार पैर होते हैं।
4. इसके दो सींग व एक लंबी पूँछ भी होती है।
5. गाय के दूध से अनेक प्रकार की चीज़ें बनाई जाती हैं– दही, मक्खन, पनीर आदि।
6. गाय को देवता के समान पूजा जाता है। अतः यह एक पूजनीय पशु है।
7. गाय एक शाकाहारी पशु है।
8. यह केवल घास खाती है।
9. गाय का गोबर खाद के रूप में प्रयोग किया जाता है।
10. गाय हमारे लिए बहुत लाभदायक पशु है।



# मेरी माँ

1. मेरी माँ मेरी बहुत देखभाल करती हैं।
2. वे सदा मुस्कुराती रहती हैं।
3. घर का सारा काम वह खुशी-खुशी करती हैं।
4. वह पढ़ाई में मेरी सहायता करती हैं।
5. वे दयालु व बहुत सुंदर हैं।
6. उनके हाथों से बने भोजन की सभी बहुत प्रशंसा करते हैं।
7. हर काम समय पर करना उनकी आदत है।
8. वह कभी आलस नहीं करती हैं।
9. वे हर बात प्यार से समझाती हैं।
10. हम सब उनका बहुत आदर करते हैं।



## अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

**दिए गए विषयों पर दस-दस वाक्यों के निबंध लिखिए–**

**(क)** मेरे अध्यापक

**(ख)** दीपावली

**(ग)** प्रिय सहेली

**(घ)** मेरा विद्ययालय



# 16 पत्र-लेखन
(Letter–Writing)

हम दूर शहरों में रहने वाले अपने मित्रों और रिश्तेदारों तक अपनी बात पत्रों द्‌वारा पहुँचा सकते हैं। पत्रों से हम अपनी कुशलता का समाचार उन्हें दे सकते हैं।

पत्र दो प्रकार के होते हैं– व्यक्तिगत पत्र और प्रार्थना-पत्र।

नीचे पत्रों के कुछ उदाहरण दिए गए हैं। इन्हें पढ़िए व स्वयं पत्र लिखने का अभ्यास कीजिए–

## व्यक्तिगत पत्र (Personal Letters)

### 1. सहेली को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र

37, देव नगर,
इलाहाबाद
दिनांक : 2 दिसंबर 20__

प्रिय खुशी,

सप्रेम नमस्कार।

मुझे याद है कि 15 दिसंबर को तुम्हारा जन्मदिन है। मेरी ओर से जन्मदिन की बधाई स्वीकार करो। मैंने तुम्हारे लिए एक अच्छा-सा उपहार खरीदा है। आशा है, तुम्हें पसंद आएगा।

मेरी ओर से चाचा जी व चाची जी को सादर प्रणाम।

तुम्हारी सहेली
मुस्कान

## 2. पिता को पत्र

छात्रावास : नेहरू विद्या मंदिर
कोटा (राजस्थान)
दिनांक : 27 फरवरी, 20___

आदरणीय पिता जी,
सादर चरण स्पर्श,
आप होली की छुट्टियों में मुझे लेने आ रहे हैं, जानकर मैं बहुत खुश हूँ और फिर भैया के आने से छुट्टियों का मजा दोगुना हो जाएगा। शेष फिर।
पूजनीय माता जी को प्रणाम और पूर्वी को प्यार।

आपका पुत्र
अनुभव

# प्रार्थना-पत्र (Application)

## 3. विवाह में जाने हेतु अवकाश के लिये प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र

सेवा में,
आदरणीय प्रधानाचार्य,
______________________
______________________

महोदय,
सविनय निवेदन है कि मुझे पिता जी और माता जी के साथ भोपाल जाना है। वहाँ मेरी मौसी जी का विवाह है। कृपया मुझे दिनांक __________ से __________ तक का अवकाश प्रदान करें।
धन्यवाद।
दिनांक :


आपका आज्ञाकारी शिष्य
सौरभ वर्मा
कक्षा 1 (अनुक्रमांक 28)



# 17 चित्र-वर्णन
(Picture–Descripition)

चित्र देखकर उसका वर्णन किया जाता है, जिससे वर्णन करने की शक्ति तथा कल्पना का विकास होता है।

## शिखा का गाँव (Shikha's Village)




**1. ऊपर शिखा के गाँव का दृश्य दिया गया है। आप चित्र में क्या-क्या देखते हैं? चित्र में दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्यों को पूर्ण कीजिए–**

**(क)** शिखा के पिता जी एक __________ हैं।

**(ख)** शिखा मुर्गियों को __________।

**(ग)** उसके दादा जी __________ पर बैठे हैं।

**(घ)** खेत में एक __________ है।

**(ङ)** चारपाई के पास मिट्टी के __________ रखे हैं।

**(च)** कुएँ के पास पानी निकालने के लिए एक __________ है।

**(छ)** घर के पास एक __________ बँधी हुई है।

2. नीचे बने चित्र को देखकर उसका वर्णन पाँच वाक्यों में कीजिए–



______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

3. 'पेड़' पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए। चित्र बनाकर उसमें रंग भी भरिए–

___________________________

___________________________

___________________________

___________________________

___________________________